# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–28.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- **केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए डीए/डीआर में 2 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी, कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को होगा बड़ा फायदा।**
- **वित्त मंत्री राधाकृश्ण किशोर ने राज्यपाल संतोश कुमार गंगवार से की मुलाकात, पलामू के नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में अनियमितताओं की जांच के लिए आभार किया प्रकट।**
- **मुख्य सचिव अलका तिवारी ने नेशनल वाटर मिशन को लेकर संचालन समिति की बैठक की, झारखंड में जल संरक्षण के लिए अभिनव तरीके अपनाने पर दिया जोर।**
- **ईद और सरहुल को लेकर राजधानी रांची समेत विभिन्न जिलों में झारखंड पुलिस चौकस, आईजी अभियान एवी होमकर ने कहा– विशेश सुरक्षा को लेकर संवेदनशील जिलों में 4533 जवान होंगे तैनात।**
- **आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरू का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।**

## अब समाचार विस्तार से

केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए दो प्रतिशत महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी मिली है। इससे केंद्र सरकार के 48 लाख 66 हजार कर्मचारियों और 66 लाख 55 हजार पेंशनभोगियों को लाभ मिलेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी कि 1 जनवरी 2025 से डीए/डीआर की दर 53 प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत होगी।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर पलामू के नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविद्यालय के भवन निर्माण में अनियमितताओं की जांच के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने जांच में दोषी अधिकारियों पर शीघ्र कार्रवाई करने और अन्य अनियमितताओं की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराने की मांग की। वित्त मंत्री ने इस दौरान राज्य के राजस्व संग्रहण और विकास योजनाओं पर भी राज्यपाल को जानकारी दी।

*******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में नेशनल वाटर मिशन के राज्य आधारित एक्शन प्लान पर संचालन समिति की बैठक हुई। उन्होंने झारखंड में जल संरक्षण के लिए अभिनव तरीके अपनाने और अधिक समन्वय बनाने पर जोर दिया। बैठक में जल संसाधन प्रबंधन, भूगर्भ जल संरक्षण और उद्योगों द्वारा जल उपयोग के आंकड़ों को एकत्र करने पर चर्चा हुई।

*******************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश का सख्ती से पालन करने और किसी भी प्रक्रिया में शॉर्टकट नहीं अपनाने का निर्देश दिया। साथ ही राजनीतिक दलों से प्राप्त सुझावों को कानूनी प्रावधानों के तहत क्रियान्वित करने पर जोर दिया। बैठक में विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया गया।

******************

झारखंड में नक्सल विरोधी अभियान और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 639 पूर्व सैनिकों की विशेष सहायक पुलिस (सैप) बटालियन में नियुक्ति की जाएगी। रांची के टाटीसिलवे और जमशेदपुर के हलुदबनी स्थित बटालियनों में सूबेदार, मेजर, नायक, हवलदार सहित विभिन्न पदों पर भर्ती होगी। डोरंडा स्थित जैप–1 में 28 से 30 अप्रैल तक इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे।

******************

झारखंड पुलिस द्वारा ईद और सरहुल को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। आईजी अभियान एवी होमकर ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों में 4533 जवानों की अतिरिक्त तैनाती होगी, साथ ही हजारीबाग, गिरिडीह, जमशेदपुर और रांची में विशेष चौकसी बरती जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने सांप्रदायिक घटनाओं के इतिहास वाले जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है जिस के तहत 2 अप्रैल तक इन जिलों में रैफ और विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती रहेगी।

******************

इधर, बोकारो में ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर पुलिस अलर्ट मोड में है। सभी थाना प्रभारियों को चिन्हित लोगों पर कानूनी कार्रवाई और इलाकों में फोर्स और सीसीटीवी तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संवेदनशील इलाकों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।
वहीं, सरायकेला–खरसावां ज़िले में भी आगामी पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त रविशंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले की पुलिस ने गोलमुरी पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल कर आंसू गैस, पानी के टैंकर और अन्य सुरक्षा उपकरणों का प्रदर्शन किया। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया कि ईद, रामनवमी और चैती दुर्गा पूजा के दौरान संवेदनशील इलाकों में फोर्स तैनात कर सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

******************

राजधानी रांची में मस्जिद कमेटी और जिला प्रशासन की विशेष व्यवस्थाओं के बीच अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। मौलाना अमीर खेताब ने बताया कि अलविदा जुमा रमजान के समापन और ईद के आगमन का संकेत देता है।

******************

गढ़वा जिले में किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये कृषक पाठशाला शुरू की गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल में कोतरलिया स्टेशन पर नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनें रद्द रहेंगी। इस कारण हटिया–लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस–हटिया एक्सप्रेस 8 से 25 अप्रैल तक प्रभावित रहेंगी।

******************

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार झारखंड में फिलहाल किसी बड़े बदलाव के संकेत नहीं हैं। अगले दो दिनों में अधिकतम तापमान बढ़ने का अनुमान है, जबकि इसके बाद न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।

**********************

चेन्नई में आईपीएल क्रिकेट में आज शाम साढ़े सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलूरू का मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। पिछले मैच में चेन्नई ने मुंबई इंडियन्स को और बैंगलूरू ने वर्तमान चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को हराया था।

*******समाप्त********